भारत सरकार

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग

राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नार्कोटिक्स अकादमी, फरीदाबाद

प्रेस विज्ञप्ति

कृपया सीमा शुल्क ब्रोकर्स परीक्षा, 2022 के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा के संबन्ध में दिनांक- **30.08.2021** को राष्ट्रीय समाचार पत्रों में जारी विज्ञापन का संदर्भ लिया जाए। सीमा शुल्क ब्रोकर्स परीक्षा, 2022 दिनांक **03.08.2022** को आयोजित होनी है तथा इसके लिखित एवं मौखिक परीक्षा के लिए परीक्षा का प्रारूप इस प्रकार रहेगा :

कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा, बहुविकल्पीय प्रश्नों की होगी। प्रश्न अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों भाषाओं में होंगे। अभ्यर्थियों के पास अंग्रेजी अथवा हिंदी में उत्तर देने का विकल्प रहेगा। लिखित परीक्षा के संबंध में अन्य विवरण इस प्रकार हैं:-

प्रश्नों की संख्या	:	**150**
समय-सीमा	:	**2 घंटे 30 मिनट(10:30 बजे से 13.00 बजे तक)**
अंकण विधि	:	**प्रति सही उत्तर हेतु +3** **प्रति गलत उत्तर हेतु -1**
अधिकतम अंक	:	**450**
उत्तीर्ण अंक	:	**270 (60%)**

लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को सीमा शुल्क ब्रोकर्स लाइसेंसिंग विनियमन, 2018, यथा संशोधित, के विनियमन - 6 के अंतर्गत मौखिक परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा। **मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए उत्तीर्ण प्रतिशत अंक 60% होंगे।**

किसी भी प्रश्न हेतु, कृपया वैबसाइट (www.cbic.gov.in और www.nacin.gov.in) देखें या नजदीकी सीमा शुल्क आयुक्तालय या नासिन, फ़रीदाबाद की ईमेल आई डी cblre.helpline@gmail.com पर संपर्क करें।